**प्रेस नोट दिनांक 16.06.2025**

**थाना सुभाषनगर जनपद बरेली।**

**थाना सुभाषनगर #bareillypolice द्वारा छिनैती/लूट की घटना का सफल अनवारण कर घटना करने वाले 03 अभियुक्तों को दौराने मुठभेड़ किया गया गिरफ्तार, कब्जे से 8000 रू0 नकद, अवैध तमंचे मय खोखा व जिन्दा कारतूस व घटना में प्रयुक्त मो0 सा0 बरामद।**

**घटना का संक्षिप्त विवरणः-**दिनांक 09.06.2025 को जाग्रती नगर थाना सुभाषनगर की वादिनी द्वारा स्वंय के कान से कुण्डल तीन अज्ञात बाईक सवारो द्वारा झपट्टा मारकर छीन कर भाग जाने के सम्बन्ध में थाना सुभाषनगर, बरेली पर मु0अ0सं0 413/25 धारा 304(2) बीएनएस पंजीकृत कराया गया था। छिनैती की इस घटना के अनावरण हेतु प्रभारी निरीक्षक सुभाषनगर मय पुलिस टीम द्वारा वांछित अभियुक्तो की तलाश की जा रही है।

आज दिनांक 16.06.2025 को थाना सुभाषनगर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर 03 शातिर बदमाशो को मदर्स स्कूल के पास फरीदापुर की ओर जाने वाले रास्ते पर लिप्टिस लगे प्लॉट के सामने रोकने की कोशिश की गयी तो मो0सा0 सवार तीन व्यक्तियों द्वारा बाइक फिसल जाने पर तथा पुलिस द्वारा पकड़े जाने के डर से पुलिस पर फायरिंग की गयी जिसमें उ0नि0 राहुल शर्मा के वायें हाथ की बाजू से गोली छू कर गयी। आत्मरक्षार्थ पुलिस द्वारा की गयी जबाबी कार्यवाही में एक व्यक्ति अयान पुत्र बब्लू खां नि0 जगतपुर गौटिया नियर चक नवादा थाना बारादरी बरेली को बांये पैर में गोली लगने से घायल अवस्था में मय 02 सह अभियुक्तों इमरान पुत्र इकबाल हुसैन नि0 चनैटा थाना कैन्ट बरेली व अबरेज पुत्र आबिद अली निवासी चनेटा थाना कैण्ट बरेली के गिरफ्तार किया गया। घटना में घायल उ0नि0 राहुल शर्मा तथा अभि0 अयान को उपचार हेतु जिला अस्पताल बरेली भेजा गया है । पुलिस मुठभेड़ व अवैध अस्लाह बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सुभाषनगर पर मु0अ0सं0 415/25 धारा 3(5)/109 बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है। थाना सुभाषनगर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 413/25 धारा 304(2) बीएनएस व थाना किला बरेली पर पंजीकृत मु0अ0सं0 300/25 धारा 309(4) बीएनएस में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जायेगी। अभियुक्तों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करते हुये मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जायेगा ।

**विवरण पूछताछः-**

पकड़े गये तीनों अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि दिनांक 09.06.2025 को बरामद मो0सा0 से करगैना बाजार के पास से एक महिला के कान के कुण्डल को छपट्टा मारकर छीनकर बेच दिया था तथा दिनांक 13.06.2025 को थाना किला क्षेत्र में रामपुर रोड पर भूसे की टाल के पास से एक महिला के पर्स व एक कुण्डल लूटकर बेच दिये गये थे । प्राप्त रूपयो को तीनो ने आपस में बांट लिया था तथा कुछ रुपये मौज मस्ती में उड़ा दिये।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1. अयान पुत्र बब्लू खां नि0 जगतपुर गौटिया नियर चक नवादा थाना बारादरी बरेली
2. इमरान पुत्र इकबाल हुसैन नि0 चनेटा थाना कैण्ट बरेली
3. अबरेज पुत्र आवबिद अली निवासी चनेटा थाना कैण्ट बरेली

**बरामदगी का विवरणः-**

अभि0 अयान से एक तमंचा मय एक खोखा व जिन्दा कार0 315 बोर, घटनाओं से हिस्से में आये रूपयों मे से शेष 3500 रुपये।

अभि0 इमरान के कब्जे एक तमंचा मय 02 जिन्दा कार0 315 बोर व घटनाओं से हिस्से में आये रूपयों मे से शेष 2500 रुपये बरामद ।

अभि0 अबरेज के कब्जे से घटनाओं से हिस्से में आये रूपयों मे से शेष 2000 रुपये बरामद ।

**अभि0 अयान का आपराधिक इतिहासः-**

1.मु0अ0सं0 96/23 धारा 323/504/506 आईपीसी थाना कोतवाली बरेली
2.मु0अ0सं0 228/24 धारा 392/411 आईपीसी थाना प्रेमनगर बरेली
3.मु0अ0सं0 236/24 धारा 4/25 आर्मस एक्ट थाना प्रेमनगर बरेली
4.मु0अ0सं0 300/25 धारा 309(4)/317(2) बीएनएस थाना किला बरेली
5.मु0अ0सं0 413/25 धारा 304(2)/317(2) बीएनएस थाना सुभाषनगर बरेली
6.मु0अ0सं0 415/25 धारा 3(5)/109 बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना सुभाषनगर बरेली

**अभि0 इमरान का आपराधिक इतिहासः-**

1.मु0अ0सं0 300/25 धारा 309(4)/317(2) बीएनएस थाना किला बरेली
2.मु0अ0सं0 413/25 धारा 304(2)/317(2) बीएनएस थाना सुभाषनगर बरेली
3.मु0अ0सं0 415/25 धारा 3(5)/109 बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना सुभाषनगर बरेली

**अभि0 अबरेज का आपराधिक इतिहासः-**

1.मु0अ0सं0 300/25 धारा 309(4)/317(2) बीएनएस थाना किला बरेली
2.मु0अ0सं0 413/25 धारा 304(2)/317(2) बीएनएस थाना सुभाषनगर बरेली
3.मु0अ0सं0 415/25 धारा 3(5)/109 बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना सुभाषनगर बरेली

**पुलिस टीम का विवरणः-**

1.व0उ0नि0 श्री मुकेश कुमार थाना सुभाषनगर बरेली
2.उ0नि0 श्री विनय बहादुर सिंह थाना सुभाषनगर बरेली
3.उ0नि0 श्री राहुल शर्मा थाना सुभाषनगर बरेली
4.उ0नि0 श्री पवन कुमार थाना सुभाषनगर बरेली
5.उ0नि0 जनार्दन कान्त थाना सुभाषनगर बरेली
6.हे0कां0 ओमशरण थाना सुभाषनगर बरेली
7.कां0 गौरव अत्री थाना सुभाषनगर बरेली
8.कां0 पारस थाना सुभाषनगर बरेली
9.कां0 तेजवीर थाना सुभाषनगर बरेली